वी.यू. में कुलपति द्वारा ध्वजारोहण

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल द्वारा 72 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ध्वजारोहण किया गया तथा उन शहीदों को याद किया जो देश पर न्यौछावर हो गये।

इस अवसर पर डॉ. जुयाल ने गत वर्ष हुई विश्वविद्यालय की प्रगति के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं उपलब्धियॉ प्राप्त होने के उपलक्ष्य में प्राध्यापकों, छात्रों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। विश्वविद्यालय में हो रहे कार्यों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय की रैंकिंग को और ऊपर उठाने के लिये कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद हमें निरंतर रूप से आम नागरिकों एवं पशुपालकों के हित में कार्य करके उनका जीवन स्तर बढ़ाना है।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों श्री कुलदीप बैस, श्रीमति किरण अहिरवार, श्रीमति संध्या गोस्वामी, श्री सरोज विश्वकर्मा, श्री खगेन्द्र दुबे, श्री रितेश केवट, श्री वीरेन्द्र सोनी, श्री जितेन्द्र तिवारी, श्री आशीष श्रीवास्तव, श्री नरेश चौधरी, श्री जुगराज पटेल, श्री अलेक्जेन्डर, श्री रवि केवट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

छात्र व छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं उल्लेखनीय प्रस्तुती हेतु छात्रों को पुरूस्कृत किया गया।

समारोह में डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. आर.पी.एस. बघेल, डॉ. वाय. पी. साहनी, डॉ. जी.पी. पाण्डे सहित बड़ी संख्या में समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारीगण एवं छात्रों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर